Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 01-08-2022 | अंक 302

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्युज ब्रीफ

### एक सप्ताह से लापता महिला का नही लगा कोई सुराग



बरही प्रखंड अंतर्गत कोल्हुआकला पंचायत के बाराडीह निवासी जलालउद्दीन की पत्नी मुनेजा खातून लगभग पिछले एक सप्ताह से गायब है। जिसका एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी कोई सुराग नहीं मिल पाया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार महिला घर से नदी नहाने के लिए निकली थी। लापता महिला के परिजन भी महिला को खोज खोज कर काफी परेशान है। लेकिन लापता महिला का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। वहीं तिलेश्वर साहू सेना के सदस्य जमीरुद्दीन अंसारी ने लोगो से आग्रह किया की अगर कही भी इस महिला का कोई पता चलता है तो कृपया निम्न 6205680382, 7070509247 एवं 7763831931 पर सूचित करे। सूचना देने वाले व्यक्ति को उचित ईनाम दिया जाएगा।

### दो बाइक की टक्कर में दो लोगो की हो गई मौत

बिरनी थाना क्षेत्र के अरारीप गांव के पास रविवार को बीते देर शाम दो मोटरसाइकिल में आमने–सामने से भिड़ंत हो गया जिसमें एक व्यक्ति की मौत घटनास्थल पर ही हो गई और तीन व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए बताया जाता है कि रूपीडिह निवासी सहदेव ठाकुर और तुलसी ठाकुर दिन भर मजदूरी करने के बाद जरिडिह बाजार गया हुआ था जहां से आने के क्रम में अरारीप गांव के पास विपरीत दिशा से आ रहे एक मोटरसाइकिल पर सवार नागेश्वर विश्वकर्मा दिलीप विश्वकर्मा दोनों गोर डिह निवासी के मोटरसाइकिल के साथ भिड़ंत हो गया जिससे रूपीडीह निवासी तुलसी ठाकुर की मौत घटनास्थल पर ही हो गई और तीन व्यक्तियों को धनबाद रेफर कर दिया गया जिसमें इलाज के दौरान दूसरे व्यक्ति सहदेव ठाकुर की भी मौत हो गई इस घटना के बाद मृतक के परिवार वालों का रो कर बुरा हाल है दोनों व्यक्ति मजदूरी कर अपना जीवन यापन करते थे वही ग्रामीणों द्वारा बताया गया तुलसी ठाकुर अत्यंत गरीब परिवार से है अपने पीछे तीन लड़की और एक लड़का छोड़कर गया हैं जिसमें एक लड़की का शादी का कर्ज से दबा हुआ था अभी उनके घर में कुछ खाने की व्यवस्था भी नहीं है वहीं बिरनी प्रशासन द्वारा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सोमवार को गिरिडीह सदर अस्पताल भेज दिया।ओर कानूनी कार्यवाई कर रही है।

### बड़कागांव TP–02 से मोटरसाइकिल चोरी, भुक्तभोगी ने दिया थाने में आवेदन

बड़कागांव प्रखंड के हजारीबाग रोड स्थित कन्वेयर बेल्ट TP – 02 में कार्यरत पुंदौल निवासी रवि कुमार रोज की तरह पार्किंग के जगह में अपनी सीडी डीलक्स मोटरसाइकिल जिसकी संख्या jh02 V 9583 लगाकर अपने कार्य में चले गए। और कार्य खत्म होने के बाद जैसे हीं वह अपना बाइक लेने पहुंचे तो वह बाइक उस स्थान से गायब थी। बहुत खोजबीन के बाद मोटरसाइकिल का कुछ अता पता नहीं चला तो तुरंत ही बड़कागांव थाने में आवेदन देकर मोटरसाइकिल ढूंढ निकालने की गुहार लगाई है। इधर बड़कागांव थाना प्रभारी मामले की छानबीन में जुट गए हैं।

# नाली के आभाव में तालाब में तब्दील हुआ पड़ीरमा गांव का सड़क

## जन प्रतिनिधि नाली का निर्माण कराकर पानी निकासी का करे व्यवस्था : संजय यादव

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही प्रखंड अंतर्गत पंचमाधव पंचायत के पड़ीरमा गांव में नाली नही होने के कारण सड़क इन दिनों तालाब में तब्दील हो गया है। जिससे ग्रामीणों को पैदल चलना भी दुभर हो गया। और उससे भी ज्यादा परेशानी स्कूल जाने वाले विद्यार्थियों को हो रही है। वहीं युवा समाजसेवी संजय यादव ने बताया की गांव मे नाली नही होने के कारण बारिश का पानी का निकासी नहीं हो पा रहा है। जिससे ग्रामीणों को आवागमन करने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इससे लोगो में रोष व्याप्त है। साथ ही साथ उन्होंने कहा की थोड़ी सी बारिश होने पर मोड़ के पास काफी जल जमाव हो जाता है। इन दिनों भी यही स्थिति हो गई है। अत्यधिक जल जमाव से ना



तालाब में तब्दील हुआ सड़क

केवल लोगो को आने जाने में परेशानी हो रही है बल्कि दुर्घटना की भी संभावना बनी रहती है। जल जमाव के कारण परेशानी झेल रहे लोग जनप्रतिनिधियों को कोष रहे है। रोड पर पानी जमा होने से आवागमन करना मुश्किल हो गया है। शीघ्र यहां नाली का निर्माण कराकर पानी निकासी की व्यवस्था की जाए, ताकि लोगो को आवागमन सुलभ हो सके। मौके पर समाजसेवी संजय यादव, कामेश्वर रविदास, सुधीर यादव, दिनेश यादव, बिनोद यादव, रामानंद पासवान, नरेश यादव, शंभू यादव, महेश यादव, रवींद्र यादव, लोकेश यादव, बिनोद यादव, विनय पासवान, संतोष यादव, सुरेश पासवान, दशरथ यादव सहित दर्जनों अन्य लोग मौजूद थे।




डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार | सहयोगीः सोनू पंडित, | एडिटिंग- सोनू पंडित | मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## प्रशिक्षण के माध्यम से शिक्षको को नई शिक्षा नीति के बारे में दी जा रही है जानकारी : प्राचार्य अशोक सिंह

### डीएवी पब्लिक स्कूल बरही में ऑनलाइन शिक्षण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यशाला में शामिल शिक्षक एवं अन्य

नई शिक्षा नीति को क्रियान्वित करने के उद्देश्य से दो दिवसीय शिक्षण प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजन डीएवी स्कूल में किया गया। यह कार्यशाला डीएवी सीएई के तत्वधान में झारखंड जोन डी के एआरओ (स्वतंत्र प्रभार) डॉ० उर्मिला सिंह के कुशल निर्देशन में एवं डीएवी पब्लिक स्कूल बरही के प्राचार्य अशोक कुमार सिंह के मार्गदर्शन में कुशलतापूर्वक संपन्न हुआ । यह कार्यक्रम उच्चतर माध्यमिक वर्ग के विकास हेतु बनाया गया था। जिसमें कक्षा दशम से लेकर द्वादश तक के छात्र-छात्राओं के विकास हेतु कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई।पूर्व की भांति हर वर्ष की तरह शिक्षक शिक्षिकाओं के पठन-पाठन में गुणवत्तापूर्ण सुधार के साथ-साथ वर्तमान समय में होने वाले परिवर्तनों को आत्मसात करते हुए बच्चों के संपूर्ण विकास हेतु इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन किया जाता रहा है। विद्यालय के प्राचार्य अशोक कुमार सिंह ने कहा कि इस बार का प्रशिक्षण कार्यक्रम राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर पूरी तरह आधारित था। जिसके तहत शिक्षा एवं शिक्षण को बेहतर तरीके से प्रस्तुत करने के लिए शिक्षक और शिक्षिकाओं को तैयार किया गया। उन्होंने बताया कि इस तरह के कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों के शिक्षण के साथ-साथ उनके जीवन में आने वाले विभिन्न प्रकार की चुनौतियों के लिए भी तैयार करना होता है ।हमारा यह कर्तव्य हो जाता है कि बच्चों के अंदर छिपे हुए उनके कौशल को उभार कर उसे कुशलतापूर्वक निर्देशित करते हुए सफल मार्ग दिखाना। इस अवसर पर विद्यालय में सभी विषयों के शिक्षक शिक्षिकाओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया । अंग्रेजी, गणित, विज्ञान, सामाजिक अध्ययन, खेल, संगीत, चित्रकला विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया था। मौके पर डीएवी स्कूल के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रही।

## प्रमुख ने बेंदगी (बजरंग टोला) आंगनबाड़ी केंद्र का किया औचक निरीक्षण

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड प्रमुख मनोज रजक ने बेंदगी पंचायत अंतर्गत बजरंग टोला में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 42 का औचक निरीक्षण किया। वहीं उन्होंने निरीक्षण के दौरान देखा की पिछले कई सालों से सेंटर का पेयजल बंद पड़ा हुआ है। सेविका किरण देवी मोटर वा मोटर से संबंधित अन्य सामग्री अपने घर में रखी है। जिसका कोई लिखित आवेदन सीडीपीओ कार्यालय में नही दिया गया है। साथ ही उन्होंने देखा की आंगनबाड़ी केंद्र में कुल 31 बच्चे नामांकित है। जिसमे कुल 8 बच्चे ही उपस्थित थे। पूछे जाने पर किरण देवी ने बताया की की सेंटर बंद करने के समय उपस्थित बच्चो का हाजरी बनाई जाती है। इस संदर्भ में प्रमुख ने सीडीपीओ नीलू कुमारी से बात कर सेंटर को दुरुस्त कराने का निर्देश दिए है। मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता रमेश ठाकुर, दिलीप रजक एवं सहायिका राजकुमारी देवी उपस्थित थे।

## कांग्रेस पार्टी से तीनों विधायक के निलंबित करने पर बिनोद यादव ने सोनिया गांधी का जताया आभार

### झारखंड में भाजपा कर रही लोकतंत्र की हत्या : विनोद यादव

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



झारखंड के तीन कांग्रेस विधायकों को शनिवार रात बंगाल पुलिस ने भारी मात्रा में कैश के साथ पकड़ा था। वहीं कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी ने कार्रवाई करते हुए तीनों विधायक को पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा दिया है। इस फैसले का स्वागत करते हुए कांग्रेस जिला महासचिव कुमार यादव ने कहा की तीनों निलंबित विधायक पैसे की शर्मनाक कृत्य में शामिल थे। उसे निलंबित कर कांग्रेस ने भ्रष्टाचार का विरोध किया है। साथ ही उन्होंने कहा की राजनीति को कुछ लोग जनता के सेवा के बजाय इसे व्यापार समझ लिए है। वैसे सभी जनप्रतिनिधियों को जनता चिन्हित कर रही है। जनता सभी को सबक सिखायेगी। साथ ही साथ उन्होंने कहा की झारखंड में जिस प्रकार भारतीय जनता पार्टी द्वारा लोकतंत्र की हत्या की जा रही है। आने वाले समय में जनता इनको भी सबक सिखायेगी।

## जवाहर घाट में मिला अज्ञात युवती का शव, शिनाख्त में जुटी चंदवारा पुलिस

**अपेम लाइव : चंदवारा**
**धीरज कुमार**





चंदवारा थाना क्षेत्र के जवाहर घाट डैम से पुलिस ने एक अज्ञात युवती का शव बरामद किया है। जानकारी अनुसार स्थानीय लोगों ने एक युवती का शव पानी में तैरते देखा द्य जिसकी सूचना पुलिस को दी। बताया जाता है कि युवती की हत्या कर शव को फेक दिया है। युवती के हाथ और पैर बंधे थे। युवती की उम्र लगभग 30 वर्ष के बीच है। शव की शिनाख्त अभी नहीं हो पाई है। सूचना पा कर मौके पर चंदवारा थाना प्रभारी अनिल सिंह, एसआई हरदुगन होरो, एएसआई रामस्वरूप यादव दल बल के साथ पहुचे और शव को निकाल कर अपने कब्जे में ले लिया व मामले की छानबीन में जुट गई है।

## एबीवीपी चौपारण नगर इकाई का किया गया गठन, नीरज चंद्रवशी बने अध्यक्ष एंव नगर मंत्री बने विक्की प्रजापति

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद विश्व के सबसे बड़े छात्र संगठन है। जो हमेशा से राष्ट्रहित एंव छात्रहित का काम करता है। संगठन विस्तार को लेकर एबीवीपी हजारीबाग इकाई के द्वारा चौपारण नगर इकाई का गठन आज किया गया। जिसमे नगर अध्यक्ष नीरज चंद्रवशी एंव नगर मंत्री विक्की प्रजापति को बनाया गया। इकाई के टीम मे कई युवाओ को दायित्व दिया गया जिसमे नगर उपाध्यक्ष संजय कुमार, नगर सहमंत्री दीपक गुप्ता, चंदन राणा, सुर्यकांत कुमार, रूपा प्रजापति, नगर छात्रा प्रमुख खुश्बू कश्यप, सह छात्रा प्रमुख मनीषा कुमारी, नगर एसएफडी प्रमुख चंदन दांगी, एनसीसी प्रमुख अजय कुमार, सहप्रमुख अरपित कुमार राणा, नगर सोशल मिडिया प्रभारी राहुल चौरसिया, नगर कार्यकारिणी सदस्य आलोक सोनी, आशीष कुमार, अवधेश कुमार यादव, नेहा कुमारी, गौरव कुमार प्रजापति, रोहित कुमार, गोबिंद चौरसिया, शिवम् कुमार, रोहित मेहता, सन्नी महतो, बंसत कुमार, मंजीत गुप्ता शामिल है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रांत सह मंत्री नवलेश सिंह, विश्वविद्यालय सह संयोजक दीपक मेहता, जिला सहसंयोजक मंदीप यादव, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बाबुलाल मेहता, धीरज प्रजापति, अनुसूचित कार्य सहप्रमुख मिलन मुंडा, उदय गुप्ता शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य धीरज प्रजापति के द्वारा किया गया जबकि नगर इकाई का घोषणा जिला सहसंयोजक मंदीप यादव के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में लोगो को संबोधित करते हुए नवलेश सिंह बताए कि भारत ही नही विश्व के सबसे बड़े छात्र संगठन से जुड़ने का गौरव हम सभी को प्राप्त हुआ है इसका उपयोग हम सब मिलकर राष्ट्र को फिर से विश्वगुरू बनाने मे करे।






सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## नाग पंचमी आज बन रहे हैं कई दुर्लभ संयोग : ज्योतिषाचार्य संदीप शर्मा

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



माँ भद्रकाली मदिर पुजारी ज्योतिषाचार्य संदीप शर्मा बताते हैं कि श्रावण शुक्ल पक्ष पंचमी तिथि इस बार 2 अगस्त दिन मंगलवार को है और इस दिन उत्तरा फाल्गुनी नक्षत्र व शिव योग के साथ सर्वार्थसिद्धि योग मिल रहा है, जो अत्यन्त ही शुभ है। नाग पंचमी को भगवान शिव व नागदेव की पूजा से विशेष रूप से सिद्धि प्राप्ति होती है। आगे उन्होंने बताया कि समस्त नाग जाति के प्रति श्रद्धा व सम्मान पूर्वक गोदूग्ध धान का लावा, सफेद पुष्प, धूप आदि से पूजन करना चाहिए। पूजन के बाद नाग देवता की प्रसन्नता के लिए निम्न मन्त्र का जप करें... नवकुल नागाय विद्महे विषदन्ताय धीमहि, तन्नो सर्परू प्रचोदयात। नाग पंचमी के दिन जिस जातक के जन्म कुण्डली में कालसर्प दोष, सर्प श्राप के द्वारा कष्ट प्राप्त हो रहा हो साँप के सपने खूब आते हों व कोई भी कार्य में सफलता हांथ नहीं लगता हो उन्हें चाहिए की भगवान शिव की पूजा के साथ-साथ सर्प देवता की पूजा उपरोक्त मन्त्र के द्वारा करें, जिससे उसे कालसर्प दोष व सर्प श्राप से मुक्ति मिल सकती है। मान्यता के अनुसार एक दिन चांदी के बना नाग नागिन बहते जल में यानी नदी में प्रवाहित करने से कालसर्प दोष की शांति होती है यह नहीं कर सकते तो नाग पंचमी के दिन रुद्राभिषेक करना चाहिए सामर्थ्य ना रहने पर एक लोटा दूध शिवलिंग पर अवश्य चढ़ाएं ध्यान रखें लोटा पीतल का ही ज्योतिषाचार्य संदीप शर्मा ने आगे बताया कि नागों को श्रावण माह के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को ही जीवन दान मिला था शिवमहापुराण कहती है श्राप मिलने के बाद नाग पुत्र दुखी हुए और वह वासुकी नाग को आगे कर ब्रह्मा जी के पास पहुंचे। ब्रह्मा जी बोले चिंता मत करो। तुम्हारी एक बहन होगी जरत्कारु उनका विवाह जरत्कारु नाम के ऋषि से ही होगा। इन दोनों से आस्तिक नामक पुत्र उत्पन्न होगा। वह इस यज्ञ को रोकेगा और नागों की रक्षा करेगा। जिसे सुनकर नाग बहुत प्रसन्न हुए। समय आने पर राजा जनमेजय ने राजा परीक्षित की सर्प द्वारा मृत्यु होने पर नाग वंश का नाश करने के लिए सर्प मेध यज्ञ का आयोजन किया। इस यज्ञ में लाखों करोड़ों नाग जलकर भस्म होने लगे जब आस्तिक मुनि वहां पहुंचे और उन्होंने नाग यज्ञ को रुकवाया और नागों के ऊपर ठंडा दूध डाला। जिससे नागों के शरीर को ठंडक मिली साथ ही धान का लावा रखा। इससे नागों की जीवन बच गया। नागों की अस्तित्व धरती पर रह गया। जिस दिन ब्रह्माजी ने नागों के बचने का वरदान दिया था।जिस दिन ब्रह्मा जी ने नागों के बचने का वरदान दिया था। उस दिन पंचमी तिथि थी। जिस दिन आस्तिक मुनि ने यज्ञ को रुकवाकर नागों को बचाया उस दिन भी पंचमी तिथि थी।

## ब्रह्म विद्या विहंगम द्वारा साप्ताहिक सत्संग गोष्ठी का किया गया आयोजन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही हजारीबाग रोड में स्थित शकुंतला पैलेस में सोमवार को ब्रह्मा विद्या विहंगम द्वारा साप्ताहिक सत्संग गोष्ठी का आयोजन कृष्णा कुमार गुप्ता के अध्यक्षता में किया गया। जिसमे कार ध्वनि सामूहिक, स्वागत गान सिकंदर सिंह, मंगलगान सत्येंद्र सिंह उर्फ किशोरी सिंह, उद्घोष कैलाश प्रसाद केशरी, माल्यार्पण सामूहिक, ज्ञान गुदड़ी पाठ कृष्णा कुमार गुप्ता, स्वर्वेद पाठ चंद्र मोहन मिश्रा, भजन सिकंदर सिंह, कैलाश केशरी, ममता केशरी एवं पूनम मिश्रा ने किया, वंदना सामूहिक, आरती सामूहिक, शांति पाठ सामूहिक रूप से किया गया। मौके पर राजदेव सिंह, अनमोल राणा, बाढ़ो सिंह, सत्येंद्र उर्फ किशोरी सिंह, सिकंदर सिंह, पूनम देवी, उपेंद्र पांडेय, कैलाश सिंह, मीनाक्षी गुप्ता, ममता देवी, माइकल कुमार सिंह, शकुंतला देवी, रामचंद्र राम, पप्पू कुमार एवं प्रमोद कुमार गुप्ता मुख्य रूप से मौजूद थे।

## प्रमुख ने बेंदगी पंचायत में सिलाई सेंटर का किया औचक निरीक्षण

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड अंतर्गत बेंदगी पंचायत में संचालित सिलाई सेंटर का प्रमुख मनोज रजक ने सोमवार को औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने देखा की आजीविका महिला मंडल के कुल 24 महिलाएं द्वारा तिरंगा झंडा बनाया जा रहा है। वहीं सेंटर में काम कर रही मि. हलाओं ने पेयजल और शौचालय की समस्या से प्रमुख को अवगत कराई। वहीं प्रमुख मनोज रजक ने सिलाई सेंटर में पेयजल और शौचालय की व्यवस्था को जल्द दुरुस्त करने की बात कही। मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता रमेश ठाकुर, सेंटर मैनेजर बीरेंद्र कुमार सिंह, प्रशिक्षक संतोष केशरी, डी. बी. पी. पायल कुमारी, ए. पी. एस. सुनीता देवी, प्रेमा देवी, ललिता देवी, सकुंती देवी एवं दिलीप रजक मुख्य रूप से मौजूद थे।

## मतदाता पुनरीक्षण को लेकर पंचायत प्रतिनिधियों एवं राजनीतिक दल के नेताओं के साथ बैठक

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बैठक में शामिल जनप्रतिनिधि एवं राजनीतिक कार्यकर्ता

मतदाता पुनरीक्षण को लेकर प्रखंड कार्यालय के सभागार में स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों एवं राजनीतिक दलों के नेताओं के साथ वीडियो सीआरआर में बैठक की इस बैठक में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष जिला परिषद उपाध्यक्ष किशन यादव सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव एवं विधायक प्रतिनिधि विनोद कुमार यादव मुख्य रूप से मौजूद रहे बैठक में मतदाता पुनरीक्षण को लेकर वीडियो ने विस्तारपूर्वक जानकारी दी बैठकमें मतदाता सूची में गड़बड़ी के सुधार को लेकर मतदान केंद्र पर नियुक्त बीएलओ के द्वारा पंचायत प्रतिनिधियों से संपर्क कर संबंधित पंचायत में डोर टू डोर जाकर मृतक मतदाताओ को सूची से हटाना , जिन मतदाताओं का नाम दो जगह पर चढ़ा हुआ उन को हटाना, वैसे मतदाता जो अपने क्षेत्र में काफी दिनों से रह रहे हैं, उनकी पहचान स्थानीय जनप्रतिनिधि से सत्यापित करवाकर उसको जोड़ना, वैसे मतदाता जिनका नाम दूसरे राज्यों के मतदाता सूची में भी अंकित है से उसे भी भौतिक सत्यापन कर मतदाता सूची से हटाना, वैसे मतदाता जिनका नाम पहले से मतदाता सूची में दर्ज है और वह फिर से अपने नाम को कहीं जुड़वाना चाहता है तो उसे एक जगह से ही मतदाता पहचान पत्र जारी करवाने को लेकर जानकारी दी गई। मौके पर जीप सदस्य प्रीति गुप्ता, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, नवल सिंह, युवा नेता रितेश गुप्ता, कांति देवी सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के लोग, निर्वाचित पंचायत जनप्रतिनिधि गण एवं समाजसेवी उपस्थित थे।

## चिल्ड्रेन कोचिंग सेंटर बुंडू में साप्ताहिक परीक्षा का आयोजन

### छाया कुमारी 99 प्रतिशत नंबर लाकर बनी कोचिंग टॉपर

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**




बरही प्रखंड अंतर्गत मलकोको पंचायत के बुंडू में संचालित चिल्ड्रेन कोचिंग सेंटर में साप्ताहिक परीक्षा का आयोजन किया गया। जिसमे प्रथम स्थान छाया कुमारी, द्वितीय स्थान साक्षी कुमारी एवं विशाल कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं सप्ताहिक परीक्षा में सफल हुए सभी विद्यार्थियों को पुरुस्कृत किया गया। मौके पर सिकंदर यादव, मनोज यादव, रोहित यादव, प्रमोद यादव, सिंघम साहेब, आनंद कुमार, पंकज कुमार, दिलीप कुमार, नीतीश कुमार, अजीत कुमार, कुलदीप कुमार, संदीप कुमार, आरती देवी, निशा देवी सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

## चार दिवसीय मुखिया का प्रशिक्षण शुरू, बरही के सभी मुखिया ने किया भाग

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



उपायुक्त का कार्यालय हजारीबाग में जिला पंचायती राज्य द्वारा आयोजित चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में सोमवार को बरही प्रखण्ड के सभी 20 मुखिया उपस्थित रहे। सभी ने प्रथम दिन का प्रशिक्षण कार्य पूर्ण करने के उपरांत बेहतर अनुभव साझा किया। कहा कि पंचायत के विकास कार्य के लिए जाने वाले निर्णयों में यह प्रशिक्षण कार्य काफी मद. दगार साबित होगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में बरही प्रखण्ड के मुखिया संघ के अध्यक्ष सह मलकोको मुखिया विजय कुमार यादव, रसोइया धमना मुखिया सह सचिव गोविंद साव, गौरियाकरमा मुखिया सह कोषाध्यक्ष कुमारी मीरा, कोनरा मुखिया सह उपाध्यक्ष यास्मीन तब्बसुम, धनवार पंचायत के मुखिया राजेन्द्र प्रसाद, बेन्दगी पंचायत के मुखिया सिकन्द्र राणा, कोल्हुआकला मुखिया मंगलदेव यादव, बरही पश्चिमी मुखिया शमशेर आलम, करियातपुर मुखिया मनोज कुमार, बरसोत मुखिया मोतीलाल चौधरी, दुलमाहा मुखिया नारायण यादव, पंचमाधव मुखिया नीलम देवी, केदारुत मुखिया सरिता देवी, बरही पूर्वी मुखिया मीनू देवी, विजैया मुखिया मकिना खातुन, डपोक मुखिया इंद्रा देवी, करसो मुखिया उषा राम, भंडारों मुखिया रीना देवी, खोड़ाहर अनिता देवी, रानीचुंवा मुखिया मूर्ति देवी आदि उपस्थित रहे।




APEM LIVE

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## रहनुमा का इंतेज़ार, तिरपाल के नीचे गुजर बसर करने को मजबूर अनिता देवी का परिवार

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**



तपन भरी गर्मी हो या सर्द हवाओं की झोंके या हो मूसलाधार बारिश एक ऐसा परिवार जिनका जीवन यापन एक तिरपाल के नीचे गुजरता है। हर घर को पक्का मकान बनाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ भले ही गरीब परिवार को मिल रहा हो लेकिन जब आप गोविंदपुर पंचायत के भटबिगहा निवासी अनिता देवी पति रामविलाश साव के घर जाएंगे ये योजना फिसड्डी साबित होगा। जी हां पिछ्ले कई वर्षो से अनिता देवी व उनकी चार बेटियां मुफसिल में जीने को मजबूर हैं ना ही कोई सहारा है ना ही कोई ठि. काना है बस तिरपाल का आशियाना बनाकर बहुत ही मुश्किलें से जीवन यापन कर रहे है। किसी रहनुमा का है इंतेज़ार ताकि अनिता देवी भी छत के नीचे अपना जीवन यापन कर सके। इधर सुनीता देवी के हालात की सूचना मिलते ही गोविंदपुर पंचायत समिति सदस्य अशोक यादव उनके घर पहुँचे। अशोक यादव ने बताया कि सुनीता देवी बेहद ही गरीब महिला है उनके पति दुर्घटना के शिकार हो गए है। जीवक. ोपार्जन का कोई साधन नही है। कहा पीड़िता महिला ने कई बार पूर्व के स्थानीय जनप्रतिनिधियो को समस्या से अवगत कराया बावजूद महिला को न ही पीएम आवाज योजना का लाभ मिला न ही किसी जनप्रतिनिधियो समस्या का सूद लिया। अशोक यादव ने कहा कि हम मामले से चौपारण प्रमुख पूर्णिमा देवी व बीडीओ सर को अवगत कराऊंगा। बहरहाल अनिता देवी को किसी रहनुमा का इंतेज़ार है कोई इसे मदद करे।

## आज़ादी का अमृत महोत्सव, आंगनबाड़ी केंद्र जगदीशपुर में आयोजित हुवा कार्यक्रम ,

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**





आज़ादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत जगदीशपुर में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र में पोषण दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में बतौर अतिथि प्रमुख प्रतिनिधि उदय राणा व स्थानीय समिति सदस्य युगल ठाकुर उपस्थित हुए। कार्यक्रम के दौरान केंद्र को गुब्बारों से सजाया गया तथा गर्भवती व धात्री महिलाओं को पोषण सबधित विभिन्न प्रकार की जानकारी दी गई। सेविका रूबी देवी ने अतिथियो का स्वागत बुके देकर किया। कार्यक्रम पर प्रकाश डालते हुए रूबी देवी ने कहा कि गर्भवती महिलाओं को प्रसव से पूर्व जांच, नियमित टीकाकरण, वजन, पौष्टिक आहार पर अपना पूरा ध्यान रखना चाहिए। इस अवसर पर महिला सुपरवाइ से सलाह ले सकती है। प्रमुख प्रतिनिधि ने कहा कि जगदीशपुर आंगनबाड़ी केंद्र में जो कुछ समस्याएं है उसे समाधान किया जाएगा। प्रमुख मैडम से कहकर केंद्र का चापानल जल्द ठीक किया जाएगा। मौके पर वार्ड सदस्य आधीन तुरी, समाजसेवी गुलम अंसारी, सहित अन्य।

## उपायुक्त अबु इमरान से मिला झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन चतरा इकाई का शिष्टमंडल

### नेहा शुक्ला को मिलने वाली नौकरी से जुड़ा है तीन नन्हें बच्चों की भविष्य

**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**



चतरा/कान्हाचट्टी : भारती श्रमजीवी पत्रकार संघ (बीएसपीएस) की झारखंड इकाई झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन का शिष्टमंडल सोमवार को चतरा समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान से दिवंगत पत्रकार चंदन तिवारी की बेवा शुक्ला नेहा की नौकरी को लेकर मुलाकात किया। उपायुक्त से मुलाकात करने वालो में झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन (जेजेए) चतरा इकाई के जिला अध्यक्ष मामून रशीद, पूर्व जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र पाठक एवं राष्ट्रीय पार्षद अजीत सिन्हा शामिल थे।शिष्टमंडल ने जिले के पत्थलगड़ा प्रखंड के दिवंगत पत्रकार चंदन तिवारी की पत्नी नेहा शुक्ला को नौकरी से संबंधित पत्र राज्य के गृह विभाग से जिला को प्राप्ति हुआ है। उपायुक्त श्री इमरान को इस सम्बंध में विस्तृत जानकारी देते हुए दिवंगत पत्रकार की पत्नी को स्वतंत्रता दिवस के मौके पर नियुक्ति पत्र देने का आग्रह किया गया। उपायुक्त ने शिष्टमंडलकी बातों को गम्भीरता से सुनने के बाद सकारात्मक रुख का इज़हार किया। दिवंगत पत्रकार चंदन तिवारी की दो पुत्री तृषा तिवारी 11 वर्ष, हर्षा तिवारी 8 वर्ष और एक पुत्र वैभव तिवारी साढ़े चार वर्ष है। जिनकी शिक्षा से लेकर भरणपोषण की सारी जिमेदारी स्वर्गीय चंदन तिवारी की बेवा शुक्ला नेहा निभा रही है। गौरतलब है कि 29 अक. टूबर 2018 की रात पत्रकार चंदन तिवारी को हत्यारों निर्मम हत्या कर दिया था। दिवंगत पत्रकार चंदन तिवारी की पत्नी को नौकरी और मुआवजा देने की मांग तत्कालीन मुख्यमंत्री से की गई थी। जिले के पत्रकारों द्वारा एक लाख 45 हज़ार रुपये की सहायता राशि नेहा शुक्ला को दी गई थी। नेहा शुक्ला कहती हैं कि इस के बाद या पहले किसी ने भी आर्थिक सहायता नहीं दिया। नेहा शुक्ला के समक्ष जीवनयापन में नाना प्रकार की परेशानियों का सामना है। बेसहारा नेहा शुक्ला को मिलने वाली नौकरी पर आश्रित है तीन नन्हें बच्चों का भविष्य है।

## चलकुशा एक दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंच का जिप सदस्य ने किया उद्घाटन

**अपेम लाइवः चलकुशा**
**विक्रम सिंह**



चलकुशा. प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कटघरा में एक दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया।. आयोजन एनएसी क्लब कटघरा की ओर से किया. गया क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन जिप सदस्य सविता सिंह, उपप्रमुख शमशेर आलम, मुखिया प्रतिनिधि बासुदेव यादव, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष मो मोइनुद्दीन, माले प्रखंड सचिव अशोक चौधरी ने संयुक्त रूप से विधिवत रूप से फीता काटकर किया. टूर्नामेंट का पहला मैच फाइट क्लब कुमारडूबी, धनबाद तथा राजा स्पोर्ट्स क्लब ताराटांड, गिरीडीह के बीच खेला गया. फाइनल मैच एनएसी क्लब कटघरा एवं फाइट क्लब कुमारडुबी के बीच खेला गया. जिसमें पहली बैटिंग करते हुए फाइट क्लब कुमारडूबी 5 ओवर में 79 रन बनाए जिसके जवाब में एनएसी क्लब कटघरा 5 ओवर में 68 बना पाई. प्रथम विजेता टीम को 8000 नगद देकर पुरस्कृत किया गया जबकि उपविजेता टीम को 4000 नगद देकर पुरस्कृत किया गया. मौके पर सद्दाम अंसारी, ऐनुल अंसारी, मेराज अंसारी, हबीब अंसारी, सुजीत कुमार, असलम अंसारी, सोहराब अंसारी, हसमत अंसारी, तहसीन अंसारी, अजमल अंसारी, कृष्णा कुमार सुमित काफी संख्या में लोग मौजूद थे.।

## मैट्रिक एवं इंटर के छात्र छात्राओं को किया सम्मानित

**अपेम लाइवः चलकुशा**
**विक्रम सिंह**




चलकुशा –प्रखड मुख्यालय सभागार में चलकुशा प्रखंड स्तरीय टॉप 3 रैंक प्राप्त करने वाले बच्चों को लेकर सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन प्रखंड विकास पदाधिकारी समरेश प्रसाद भंडारी के अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सीओ शशिकांत सिंकर बीओ अशोक पाल एवं खरगू पंचायत मुखिया ललिता देवी शामिल हुए। सम्मान समारोह कार्यक्रम में मैट्रिक में टoप 3 रैंक प्राप्त करने वाले जिन्टी प्रजापति 93.6%, आशीष पांडेय 93.2% प्रिंस कुमार 93.2% एवं नंदनी कुमारी 92.6% वहीं टेन प्लस टू में टoप 3 रैंक प्राप्त करने वाले नीरज कुमार 93.4% अरविंद यादव 92.8% सूरज यादव 88.8% आरती कुमारी 80.8% विकास राणा 80.8% रुखसार जहां 80.6% बब्लू सोनी 80% एवं रंजीत साहू 67.6% अनिल साव 66% एवं प्रेम राणा 65% इन सभी बच्चों को बीडिओ व सीओ एवं बीओ ने संयुक्त रूप से मेडल पहनाकर एवं प्रशस्ति–पत्र देकर सम्मानित किया गया। बीडीओ एवं सीओ ने बच्चों को और लग्न एवं मेहनत कर पढ़ाई करने को कहा जिससे अपने अभिभावक के साथ–साथ अपने जिला एवं राज्य पर भी सम्मानित होने का मौका मिले अपना नाम रोशन करें। वही भी बीओ ने सभी अभिभावकों को छात्राओं पर प्रोत्साहित कर आगे मौका देने को कहा।मौके पर उपस्थित उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक मोहम्मद नौशाद, सहदेव राम, महिंद्र राम, प्रमोद कुमार पांडे, निशात अहमद, हरिश्चंद्र गoड, अरुण कुमार दास, मनीष कुमार मिश्रा, अमित कुमार मिश्रा उपस्थित थे।






## बड़कागांव बुढ़वा महादेव मंदिर प्रांगण में श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक कर पूजा अर्चना किया

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव : झारखंड प्रदेश में चर्चित बड़कागांव महुदी पहाड़ 500 फीट ऊंची पहाड़ी पर स्थित बुढ़वा महादेव मंदिर मे श्रावण की पवित्र महीना मे शिव भक्त श्रद्धालुओं की काफी भीड़ देखी जा रही है। सावन माह की अंतिम द्वितीय सोमवारी को शिव भक्त श्रद्धालु कांवरियों ने रामगढ़ रजरप्पा मंदिर नदी से जल उठाव कर 105 किलोमीटर पैदल यात्रा कर बुढ़वा महादेव पहुंचे। एवं जलाभिषेक कर लोगों ने पूजा अर्चना किया। इस दौरान श्रावणी मेला समिति के द्वारा शांतिपूर्वक पूजा संपन्न कराने की पूरी तरह से व्यवस्था की गई थी। उक्त बुढ़वा महादेव मंदिर में झारखंड के कोने कोने से लोग पूजा अर्चना करने के लिए पहुंचते हैं ।एवं भगवान शिव की पूजा अर्चना कर मन्नत मांगते हैं। बताया जाता है कि यहां मांगी गई लोगों की मन्नते भी पूरी हुई है। सावन माह की द्वितीय अंतिम सोमवारी को लेकर बड़कागांव राम जानकी मंदिर स्थित शिव मंदिर, रेंज ऊूझफिस शिव मंदिर,बादम ,बिश्रामपुर, हरली नापो के अलावा प्रखंड के पंचायतों के शिव मंदिरों में शिव भक्तों श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गई सभी शिवालयों में हर हर की जयघोष से मंदिर गुंजमान था। महुदी पहाड़ स्थित बुढ़वा महादेव मंदिर प्रांगण में व्यवसाई संघ बड़कागांव के द्वारा खीर भंडारे का एवं लायंस क्लब बड़कागांव के द्वारा चना गुड़ वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारा के मौके पर मुख्य रुप से जिप सदस्य सुनीता देवी, उप प्रमुख बचन देव कुमार , प्रेमचंद कुमार महतो, धीरंजन सोनी, विवेक कुमार सोनी, वीरेंद्र कुमार महतो.सचिन कुमार सोनी, शंभू प्रसाद, सनी कुमार, शिबू मेहता, रामानंद कुशवाहा, प्रकाश कुमार, फुलेश्वर महतो, सपना कुमारी, दामोदर प्रसाद मेहता , सुभाष कुमार सिंह , सुबोध कुमार जयसवाल मयसे संतोष ठाकुर इंग्लेश सोनी के अलावा कई लोग उपस्थित थे।

## पूरे राज्य को सुखाड़ प्रभावित क्षेत्र घोषित कर किसानों के लिए जारी की जाए राहत पैकेज : अंबा प्रसाद

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**




बड़कागांव : राज्य में मानसून के सक्रिय नहीं होने तथा सुखाड़ की मार झेल रहे पूरे राज्य को सुखाड़ प्रभावित क्षेत्र घोषित कर किसानों के लिए राहत पैकेज जारी करने की मांग को लेकर विधायक अंबा प्रसाद ने विधानसभा के सदन में मामला उठायाद्य उन्होंने कहा कि राज्य में मानसून सक्रिय नहीं होने के कारण वर्तमान समय तक सामान्य से काफ़ी कम बारिश हुई है। जिससे सुखाड़ जैसे हालात बन गए हैं। ऐसी स्थिति में किसानों की आमदनी और गृहस्थी बुरी तरह से प्रभावित है। इसलिए पूरे राज्य को सूखा प्रभावित क्षेत्र घोषित कर धान की कम पैदावार से किसानों को होने वाली आर्थिक नुकसान की भरपाई के लिए तत्काल राहत पैकेज जारी करने की की जरूरत है।

## विष्णुगढ़ मुखिया संघ की बैठक में कई निर्णय

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**


ज्ञापन सौंपते मुखिया संघ के लोग

विष्णुगढ़ मुखिया संघ की बैठक सोमवार को विष्णुगढ़ पंचायत भवन में हुई। जिसकी अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष उत्तम महतो ने किया। बैठक के कई बिंदुओं पर चर्चा हुई। इसके उपरांत संघ द्वारा बीडीओ के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में विष्णुगढ़ प्रखंड को अकाल क्षेत्र घोषित करने, आगामी पांच अगस्त को प्रतिनिधिमंडल का बिजली की समस्या को लेकर विभाग के वरीय अधिकारियों से संपर्क करने तथा पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के भी वरीय अधिकारियों से संपर्क कर वार्ता करने की बात शामिल है। मौके पर चेड़रा मुखिया सह सचिव निर्मल कुमार, नागी मुखिया कुंवर हांसदा, बकसपुरा मुखिया नन्हकू महतो, मुखिया रीता कुमारी समेत कई मुखिया मौजूद थे।

## सुभाष शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में किया गया पौधारोपण







**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**

सोमवार 01 अगस्त 2022 को सुभाष शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय गिरिडीह में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वधान में आजादी के अमृत महोत्सव के 75 वीं वर्षगांठ के शुभ अवसर पर महाविद्यालय के प्रांगण में पौधारोपण कार्यक्रम रखा गया। कार्यक्रम का शुभारंभ निदेशक सह चेयरमैन संजय कुमार सिंह एवं सुभाष पब्लिक स्कूल के प्राचार्य मौसमी भारती एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अनुज कुमार ने संयुक्त रूप से पौधारोपण कर किया । पौधारोपण कार्यक्रम अंतर्गत आम ,कटहल, जामुन जैसे फलदार वृक्ष को लगाया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अनुज कुमार ने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग और प्रकृति आपदा से बचने के लिए वृक्षारोपण सह सरंक्षण अति आवश्यक है नहीं तो एक ऐसा समय आएगा जब कई प्रकार के जीव जंतु बिलुपत के कगार पर रहेंगे। जिसका प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष प्रभाव मानव जाति/जीवन पर पड़ेगा। एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो संजीव कुमार सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों में प्रकृति के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए वृक्षारोपण कार्यक्रम महाविद्यालय में चलाना अति आवश्यक था जो कार्य सुभाष शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के एनएसएस इकाई वन के द्वारा साकार कर रही है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रो ओमप्रकाश राय,प्रो कौशल राज,प्रो राजकीशोर प्रसाद, डॉ शाम प्रवीन,प्रो बर्जेश यादव , प्रो संजय प्रभाकर,प्रो धर्मेन्द्र कुमार,प्रो बृजमोहन,प्रो पोरश कुमार,प्रो शोमा सूत्रधार,प्रो संदीप चौधरी, एनएसएस स्वयंसेवक अनुराग गोशवामी,आकांक्षा दीप,सुमन कुमारी,आशुतोष कुमार ,ज्योति कुमारी,मधु वर्मा इत्यादी का अहम योगदान रहा है

## बड़ा बाजार यूथ विंग के द्वारा सावन की तीसरी सोमवारी पर 81 लीटर दूध,बेलपत्र का किया वितरण एवं बेल का वृक्ष लगाया गया

### बेल के वृक्ष में भगवान शिव का वास होता है चंद्रप्रकाश जैन





**अपेम लाइव : हजारीबाग**
**अमरजीत सिंह**

हजारीबाग शहर के बुढ़वा महादेव मंदिर परिसर में बड़ा बाजार यूथ विंग के द्वारा सावन महीने के तीसरी सोमवारी के शुभ अवसर पर श्रद्धालुओं के बीच 81लीटर दूध एवं बेलपत्र का वितरण किया गया। वही मंदिर प्रांगण में बेल का वृक्ष लगाया गया। क्योंकि सभी का कहना है कि पूरे साल और विशेषकर सावन महीने में शिवलिग की पूजा के लिए बेलपत्र उपलब्ध नहीं हो पाता है। जिसको लेकर यूथ विंग के द्वारा बेल का वृक्ष लगाया गया है। श्रद्धालुओं ने जमकर बाबा का जयकारा लगाया। सभी श्रद्धालुगण बम बम भोले, नमः शिवाय, हर हर महादेव के जयकारों के बीच दूध बेलपत्र प्राप्त कर रहे थे। वहीं तमाम श्रद्धालुगण पूजा अर्चना के बाद अपनी सेल्फी मे मगन होते नजर आ रहे थे। वही मौके पर बड़ा बाजार यूथ विंग के महासचिव चंद्रप्रकाश जैन ने सावन की तीसरी सोमवारी की सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बेल के वृक्ष में भगवान शिव का वास होता है। शिव भक्तों की विशेष अनुरोध पर मंदिर परिसर में बेल का वृक्ष लगाया गया है। ताकि शिव भक्तों को बेलपत्र की कमी ना हो। वही अध्यक्ष विशाल खंडेलवाल ने कहा कि हमारी टीम के द्वारा 81 लीटर दूध श्रद्धालुओं के बीच वितरण किया गया है साथ ही श्रद्धालुओं को बेलपत्र का भी वितरण किया गया। वही बेल का वृक्ष लगाया गया। सभी श्रद्धालु गण उत्साह से भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना कर रहे थे। मौके पर महासचिव चंद्रप्रकाश जैन, विशाल खण्डेलवाल,संजय कुमार स्थापना प्रभारी रीजनल ज्वाइंट डायरेक्टर ऊूझफ एजुकेशन, डूझ वेंकटेश, संजय डिश, विकास केशरी, अतिशय जैन, संजय शरण, अजीत चंद्रवंशी सहित कई लोगो मौजूद थे।






सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## 08वर्षो से चली आ रही दाम्पत्य विवाद को कुशवाहा संघ गिरिडीह प्रखंड अध्यक्ष ने बैठक कर सुलझाया





**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**

गिरिडीह प्रखण्ड अंतर्गत मुफस्सिल थाना क्षेत्र स्थित कोवाड़ गांव के निवासी लक्ष्मण वर्मा एवं उनकी पत्नी सुलेखा देवी के बीच चल रहे आठ वर्षो से चली आ रही गंभीर दाम्पत्य विवाद के निपटारे हेतु दिनांक 31/ 07/2022 रविवार को कोवाड़ हटिया मैदान में कुशवाहा संघ की गिरिडीह प्रखण्ड कमिटी के तत्वावधान में एक अति महत्वपूर्ण बैठक संघ के गिरिडीह प्रखण्ड संरक्षक उमेश महतो की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई ,जिसका संचालन संघ के प्रखण्ड महामंत्री राजेश प्रसाद ने किया । उक्त बैठक अपने उद्देश्य में पूर्णतः सफल रही..जिसमें मामले का समाधान दोनों पक्षों को संतुष्ट करते हुए बिल्कुल समुचित एवं न्यायोचित तरीके से किया गया। बैठक के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए प्रखंड अध्यक्ष राजकिशोर प्रसाद ने कहा कि पीड़िता सुलेखा देवी ने अपने दाम्पत्य जीवन में उत्पन्न विवाद को लेकर एक लिखित आवेदन कुशवाहा संघ गिरिडीह को दिया जिसके आलोक में आज बैठक बुलाई गई। लिखित आवेदन में सुलेखा देवी ने अपने दांपत्य जीवन में उत्पन्न विवाद को लेकर हो रही पीड़ा को दर्शाई थी और उसका निदान हेतु गुहार लगाई थी। कुशवाहा संघ ने उक्त आवेदन पर त्वरित रूप से संज्ञान लेते हुए आठ वर्षो से चली आ रही लंबे विवाद के निपटारे की जिम्मेदारी प्रखंड कमिटी अध्यक्ष राजकिशोर प्रसाद को सौंपी। प्रखंड अध्यक्ष राजकिशोर प्रसाद ने अपनी सूझ बूझ और स्थानीय गणमान्य लोगों और समाज के प्रबुद्धजनों के सहयोग से विवाद को सुलझाया और एक दांपत्य जीवन को टूटने से बचाया। पूरे कुशवाहा समाज ने प्रखंड अध्यक्ष राजकिशोर प्रसाद जो कि पेशे से अधिवक्ता (वकील) हैं को इस नेक और समाज कल्याण कार्य को लेकर धन्यवाद दिया। प्रखंड अध्यक्ष राजकिशोर प्रसाद ने कहा कि गिरिडीह कुशवाहा संघ ने जो जिम्मेदारी मुझे सौंपी है उसका निर्वहन मैं पुरी निष्ठा और निष्पक्षता पूर्वक करूंगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार राजकिशोर प्रसाद लगातार दुसरी बार कुशवाहा संघ गिरिडीह प्रखण्ड अध्यक्ष पद पर निर्विरोध चुने गए हैं। उक्त बैठक में उपरोक्त के अलावे संघ के गिरिडीह प्रखण्ड अध्यक्ष सह अधिवक्ता राजकिशोर प्रसाद , संघ के बिरनी प्रखण्ड सचिव सह मुखिया के के वर्मा , बेंगाबाद प्रखण्ड अध्यक्ष पवन वर्मा , पिंडाटांड पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि तालेवर महतो ,संघ के गिरिडीह प्रखण्ड सह मंत्री जीतेन्द्र कुमार वर्मा , गिरिडीह प्रखण्ड संगठन मंत्री राज. कुमार वर्मा , संघ के जिला प्रतिनिधि राजेन्द्र प्रसाद, ठाकुर महतो , खोशलाल महतो , कैलाश वर्मा , अरुण वर्मा , रीतलाल प्रसाद वर्मा , गेंदो प्रसाद वर्मा एवं नरेश प्रसाद वर्मा समेत सैकडों की संख्या में स्थानीय प्रबुद्ध ग्रामीण उपस्थित थे।

## कोडरमा लोकसभा सांसद ने इंद्रलाल वर्मा को बेंगाबाद प्रखंड खाद्य आपूर्ति प्रतिनिधि किया नियुक्त

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**



गिरिडीह जिला अन्तर्गत बेंगाबाद प्रखंड के लिए केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सह कोडरमा सांसद श्रीमती अन्नपूर्णा देवी ने इंद्रलाल वर्मा को खाद्य आपूर्ति प्रतिनिधि नियुक्त किया। इस विषय पर पत्र जारी कर गिरिडीह खाद्य आपूर्ति विभाग को सुचना दे दी कोडरमा लोक सभा सांसद ने। खबर मिलते ही पूरे बेंगाबाद प्रखंड में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। भाजपा नेता सह समाजसेवी इंद्रलाल वर्मा को लोगों ने फिजिकली तौर पर और सोशल मीडिया के माध्यम से शुभकामनाए दी। मीडिया से बातचीत में इंद्रलाल वर्मा ने कहा कि मुझे खाद आपूर्ति विभाग बेंगाबाद प्रखंड के लिए सांसद प्रतिनिधि नियुक्त किया है माननीय कोडरमा लोक सभा सांसद महोदया ने। मैं उनका हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। मैं अपने कर्तव्यों का पूरा पूरा निर्वहन करने का शत प्रतिशत प्रयास करूंगा। मेरी पूरी कोशिश रहेगी की पूरे बेंगाबाद प्रखंड क्षेत्र के तमाम अपेक्षित लोगों को खाद आपूर्ति विभाग द्वारा यथोचित लाभ मिले। सभी जनप्रतिनिधियों बुद्धिजीवियों समाजसेवियों सहित संबंधित विभाग के पदाधिकारियों पत्रकार बंधुओं पीडीएस दुकानदारों एवं सभी कार्ड धारियों से सुझाव एवं सहयोग की अपेक्षा रखता हूं। मैं सभी के सुझाव एवं सहयोग से खाद आपूर्ति विभाग के द्वारा आवंटित राशन वितरण में पूर्ण पारदर्शिता को लेकर सदैव तत्पर रहूंगा। राशन डीलरो की मनमानी और अनियमितता बर्दाश्त नहीं करेंगे जो भी राशन डीलर दोषी पाए जायेंगे उनके प्रति न्यायोचित कार्यवाही के लिए संबंधित विभाग को लिखा जायेगा। मैं पूरे बेंगाबाद प्रखंड वासियों से अपील करता हूं कि कोई भी डीलर आपके साथ राशन देने में आनाकानी करे तो अविलंब मुझे सुचना दें ताकि दोषी डीलर के खिलाफ कार्यवाही किया जा सके। उन्होने यह भी कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी के आह्वान के आलोक में पूरे बेंगाबाद प्रखंड क्षेत्र के सम्मानित भाइयों एवं बहनों से मैं यह भी आग्रह करता हूं कि आगामी 13 से 15 अगस्त को अपने अपने घरों में तिरंगा झंडा अवश्य लगाएं और सभी नौजवान व प्रबुद्धजनों से अपील करता हूं कि 02अगस्त से 15अगस्त तक आजादी के अमृत महोत्सव को लेकर अपना प्रोफाइल में तिरंगा झंडा अवश्य लगाएं और एक जिम्मेदार नागरिक होने का फर्ज निभाएं।

## भाकपा माले प्रखंड में एक हजार लोगों को जोड़ेगी

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**


भाकपा माले कमेटी की बैठक में शामिल कार्यकर्ता

भाकपा माले विष्णुगढ़ प्रखंड कमेटी की बैठक अलपीटो सभा भवन में की गई। इसकी अध्यक्षता प्रखंड सचिव जानकी शर्मा ने किया। बैठक में पार्टी को सशक्त बनाने को लेकर कई बातों पर चर्चा हुई। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि पार्टी पूरे प्रखंड में संगठन के विस्तार के लिए एक हजार लोगों को जोड़ेगी। वहीं, जनमुद्दों को लेकर दो अगस्त को प्रखंड मुख्यालय के समक्ष एकदिवसीय धरना दिया जाएगा। जिसमें सरकार से विष्णुगढ़ प्रखंड समेत संपूर्ण जिले को अकाल क्षेत्र घोषित करने, जिले में युद्धस्तर पर तत्काल राहत कार्य चालू करने, बिजली की निर्बाध बिजली आपूर्ति करने, विकास योजनाओं को ग्रामसभा के जरिए चयनित करने, जमीन से संबंधित समस्याओं को शिविर लगाकर निष्पादित करने, बंद पड़े वृद्ध, विधवा व सामाजिक सुरक्षा पेंशन का अविलंब भुगतान कराने समेत अन्य मांगों के समर्थन में धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया। बैठक में जिप सदस्य शेख तैयब, जिला कमेटी सदस्य घनश्याम पाठक, भोला प्रसाद सिंह, जलील अंसारी, महेश यादव, दुलारचंद पटेल, बेलाल अंसारी, बासुदेव मंडल, मनोज मंडल, रामेश्वर दास, नेमचंद साव, जयराम सिंह, महादेव प्रसाद, गुली सिंह, भुवनेश्वर यादव, जागेश्वर यादव, इंद्रमणि यादव, किशुन साव आदि शामिल थे।

## एलआइसी अभिकर्ता कालकल्वित होने पर लियाफी गिरिडीह ने शोक सभा कर श्रद्धांजली दी

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**



गिरिडीह एलआइसी अ०फिस शाखा से जुड़ कर लगातार 18वर्षो से कार्यरत 69वर्षीय अभिकर्ता शर्मानन्द पुरी की मृत्यु सोमवार 01अगस्त 2022को प्रातः करीब साढ़े आठ बजे हो गई। शर्मानंद पुरी का एलआइसी अ०फिस शाखा गिरिडीह में एजेंसी कोड 3799526है वे राजेंद्र नगर गिरिडीह के निवासी थे। सरल स्वभाव, मृदुभाषी मिलनसार प्रवृति के धनी व्यक्ति थे। शर्मानंद पुरी अपने पीछे पत्नी व तीन पुत्र और दो पुत्री को छोड़ गए। शरमानंद पुरी अभिकर्ताओं के हक और अधिकार की लड़ाई लड़ने वाली संगठन लियाफी से आठ वर्ष पूर्व जुड़े थे और लगातार उन्होंने अपनी सक्रिय भूमिका निभाई लियाफी सगठन में। आज उनकी मृत्यू की खबर सुनकर पूरे लियाफी संगठन में शोक की लहर दौड़ पड़ी। सोशल मीडिया पर एक्टिव सशक्त लियाफी गिरिडीह में जुड़े हर पदाधिकारी और मेंबर्स ने शोक जताया और श्रद्धांजली दी। लियाफी गिरिडीह इकाई प्रतिनिधि मंडल ने शर्मानन्द पुरी के निवास स्थान पर जाकर श्रद्धासुमन अर्पित किए और शोक संतप्त परिवार को ढाढस बंधाया। लियाफी संगठन ने एलआइसी अ०फिस शाखा गिरिडीह में शोक सभा आयोजित कर श्रद्धंजली दी। आज के इस शोक सभा में गिरिडीह एलआइसी अ०फिस शाखा एसबीएम एस एस चौधरी, बीएम सेल्स सुमित कुमार गुप्ता, एलआइसी अ०फिस शाखा कर्मी धर्मप्रकाश, कुलजीत कुमार रवि, आनंद झा, विकास पदाधिकारी अरुण कुमार झा, लियाफी हजारीबाग मंडल उपाध्यक्ष शत्रुध्न मिश्रा, लियाफी गिरिडीह अध्यक्ष दुलारचंद यादव, सचिव उमाकांत वाजपेई, जगदीश कुमार, दीपक कुमार वर्मा, रामकृष्ण गुप्ता, आदित्य पांडेय, जयप्रकाश मंडल संतोष कुमार साहू, राजकिशोर पंडित, बालेश्वर पंडित सहित कई अन्य लियाफियन मौजूद थे। शोक सभा के उपरांत मीडिया से बातचीत में लियाफी गिरिडीह इकाई सचिव उमाकांत वाजपेई ने कहा कि शरमानंद पुरी के परिजनो को एलआईसी प्रबंधन द्वारा ग्रुप इंश्योरेंस के तहत 12लाख मुआवजा राशि भूगतान करेंगी साथ ही लाभांश के आधार पर 10हजार का भी भूगतान करेगी। लियाफी गिरिडीह अध्यक्ष दुलारचंद यादव ने बताया कि एलआइसी से जुड़े एक्टिव अभिकर्ताओं को एलआईसी प्रबंधन ग्रुप इंश्योरेंस का लाभ देती है। ज्वाइनिंग से तीन साल तक के अभिकर्ताओं को 03लाख, तीन से पांच साल तक के अभिकर्ताओं को 05लाख, पांच साल से दस साल तक के अभिकर्ताओं को 07लाख और दस साल से अधिक समय एक्टिव रहकर कार्य करने वाले अभिकर्ताओं को 12लाख तक का ग्रुप इंश्योरेंस लाभ देती है जिसका किस्त अभिकर्ता के लाभांश से काट कर एलआइसी प्रबंधन जमा कर लेती है। लियाफी हजारीबाग मंडल उपाध्यक्ष शत्रुधन मिश्रा ने कहा कि ग्रुप इंश्योरेंस के अलावा एलआइसी प्रबंधन एक्टिव अभिकर्ताओं (जो क्लब मेंबर अचीव किए हैं) को अलग से क्लब ग्रुप इंश्योरेंस का लाभ देती है। सीएम क्लब मेंबर को 04लाख, जेडएम क्लब मेंबर को 02लाख, डीएम क्लब मेंबर को 1.10लाख और बीएम क्लब मेंबर को 55हजार का इंश्योरेंस लाभ देती है। उपरोक्त सभी लाभ प्राकृतिक रूप से मृत्यू होने पर मिलता है और अगर किसी अभिकर्ता की दुर्घटना से मृत्यू हो जाती है तो मिलने वाली राशि दोगुनी हो जायेगी। आज के इस शोक सभा में उपस्थित सभी अभिकर्ताओं और पदाधिकारियों ने कहा कि शर्मानंद पुरीभले ही इस नश्वर दुनिया में नही रहे मगर हम सब के दिलों में युगों युगों तक रहेगा।





APEM LIVE